शकुंतला विश्वविद्यालय में बना औषधीय उद्यान

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने औषधीय उद्यान का उद्घाटन किया • शकुंतला विश्वविद्यालय

जासं, लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी की ओर से राष्ट्रीय फार्मासिस्ट सप्ताह के समापन पर सोमवार को संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर कुलपति आचार्य संजय सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में एक औषधीय उद्यान का भी उद्घाटन किया। इसमें नीम, तुलसी, अश्वगंधा, ऐलोवेरा, लतजीरा आदि के पौधे रोपित कर सभी को इनके लाभ के बारें में भी जागरूक किया। कुलपति ने कहा कि फार्मासिस्ट आम जनता को चिकित्सा उत्पादों की सही और सुरक्षित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार हैं। एक फार्मासिस्ट की यह नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। इसलिए आप सभी से अपील है कि समाज को ठीक रखिए और स्वयं भी ठीक रहिए। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. भरत मिश्रा, कुलसचिव रोहित सिंह व प्राक्टर प्रो. चंद्र कांत दीक्षित उपस्थित रहे।

बैक पेपर परीक्षाएं आज से

जासं, लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय ने बैक पेपर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। यह परीक्षाएं 26 नवंबर से चार दिसंबर तक चलेंगी। परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय ने बताया कि छात्र-छात्राएं विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट https://dsmru.up.nic.in/ से डाउनलोड कर सकते हैं। पहले यह परीक्षाएं 12 नवंबर से होनी थीं।

शकुन्तला मिश्रा विवि में औषधीय उद्यान का कुलपति ने किया उद्घाटन

लखनऊ (एसएनबी)। डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के इंस्टिट्यूट आप फार्मेसी के तत्वावधान में पांच दिवसीय राष्ट्रीय फार्मासिस्ट सप्ताह के समापन मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि फार्मासिस्ट आम जनता को चिकित्सा उत्पादों की सही और सुरक्षित जानकारी उपलब्ध करने के लिए जिम्मेदार है। इस मौके पर उन्होंने एक औषधीय उद्यान का उद्घाटन भी किया। राष्ट्रीय फार्मासिस्ट सप्ताह पर संस्थान द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं, सप्ताह रैली, नुक्कड़ नाटक, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर फार्मेसी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रो. भरत मिश्रा ने कहा राष्ट्रीय फार्मासिस्ट सप्ताह की शुभकामनाएं दी। कुलानुशासत्मक एवं विवि के डीन प्रो. चन्द्र कांत दीक्षित, कुलसचिव रोहित सिंह, उपकुलसचिव अनिल मिश्रा,आशुतोष यादव,, डा, संजय यादव, आशुतोष पाठक, डा. सलमान डा. भरत मिश्रा, प्रो. दीप्ति द्विवेदी, कृतिका सिंह ने अपने विचार रखे।

समाज को ठीक रखिए और स्वयं भी ठीक रहिए आचार्य संजय सिंह

लखनऊ। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के इंस्टिट्यूट ऑफफार्मेसी द्वारा पांच दिवसीय 21 से 25 नवम्बर तक राष्ट्रीय फ ार्मासिस्ट सप्ताह के समापन के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'मुख्य अतिथि के रूप में संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि फ ार्मासिस्ट आम जनता को चिकित्सा उत्पादों की सही और सुरक्षित जानकारी उपलब्ध करने के लिए जिम्मेदार है। एक फार्मासिस्ट की यह नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है, इस लिए मेरी आपसे अंपील है कि समाज को ठीक रखिए और स्वयं भी ठीक रहिए। कुलपति ने इस अवसर पर फार्मासिस्ट को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए छात्रों को बेहतर तरीके से पठन-पाठन और अपने विषयों में आत्मविश्वास पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया।

समाज को ठीक रखिए और स्वयं भी ठीक रहिए आचार्य संजय सिंह

लखनऊ। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के इंस्टिट्यूट ऑफफार्मेसी द्वारा पांच दिवसीय 21 से 25 नवम्बर तक राष्ट्रीय फार्मासिस्ट सप्ताह के समापन के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'मुख्य अतिथि के रूप में संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि फार्मासिस्ट आम जनता को चिकित्सा उत्पादों की सही और सुरक्षित जानकारी उपलब्ध करने के लिए जिम्मेदार है। एक फार्मासिस्ट की यह नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है, इस लिए मेरी आपसे अपील है कि समाज को ठीक रखिए और स्वयं भी ठीक रहिए। कुलपति ने इस अवसर पर फार्मासिस्ट को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए छात्रों को बेहतर तरीके से पठन-पाठन और अपने विषयों में आत्मविश्वास पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया।